कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, **भारत सरकार**)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India**)

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

**क्षेत्रीय कार्यालय झारखण्ड**
पंचदीप भवन, नामकुम, राँची-834010
**PANCHDEEP BHAWAN, NAMKUM, RANCHI-834010**
Phone: 0651-2960319 Email: rd-jharkhand@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

**दिनांक - 08/02/2023**

# प्रेस विज्ञप्ति

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के आंचलिक सह क्षेत्रीय कार्यालय, राँची के तत्वावधान में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोक्ता के अध्यक्षता में दिनांक 08/02/2023 को कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय परिषद, झारखंड क्षेत्र की 5वीं बैठक का आयोजन नेपाल हाउस डोरंडा, राँची के सभा कक्ष में आयोजन किया गया।

इस बैठक में क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष के अलावे श्री राजेश कुमार शर्मा (भा.प्र.से.), सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार और श्री पवन कुमार (भा.प्र.से.), निदेशक, क.रा.बी. योजना भी उपस्थित थे इनके अलावा नियोजक प्रतिनिधि के रुप में श्री विवेक प्रभाकर (उषा मार्टिन लिमिटेड), श्री दीपक कुमार ठाकुर (विवेक कंस्ट्रक्शन, जमशेदपुर) उपस्थित थे। कर्मचारियों के प्रतिनिधि के सदस्य के रुप में श्री लालदेव सिंह (हटिया कामगार यूनियन, एटक), श्री बृज बिहारी शर्मा (महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ) और विश्वजीत देव (महासचिव, सी.टू., जमशेदपूर) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में अधिक से अधिक इकाईयों को योजना में व्यापित करने तथा एसिक लाभार्थियों को त्वरित नकद हितलाभ एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के झारखंड क्षेत्र के सभी जिलों में कार्यान्वयन और विकास हेतु सदस्यों द्वारा चर्चा की गई और सचिव महोदय ने सुझाव दिया कि इस योजना के प्रचार प्रसार के लिये व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करते हुए लाभार्थियों को जागरुक किया जाए। अपर आयुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक (ESIC) श्री रामजी लाल मीना द्वारा सूचित किया गया कि नये जिलों में औषधालय सह शाखा कार्यालय की शुरुआत कर दी गई है और अन्य शेष 06 जिलों में भी औषधालय सह शाखा कार्यालय / शाखा कार्यालय की शुरुआत यथाशीघ्र की जाएगी। ताकि झारखंड के सभी जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा योजना का लाभ मिल सके।

माननीय मंत्री महोदय ने अपने संबोधन में इस कार्यक्रम में हुई चर्चा के प्रति प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लाभार्थियों के बीच में विभिन्न प्रचार–प्रसार के माध्यमों से इसका प्रचार किया जाए ताकि लोगो में स्कीम के प्रति जागरुकता मिले। तथा नियमानुसार प्रत्येक तिमाही क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन हो। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी बैठक राज्य में कामगारों के लिये बेहतर, सुगम एवं सरल सुविधा उपलब्ध कराने में प्रभावशाली है तथा जब भी आवश्यकता पड़ें तो वे स्वंय एवं उनके विभाग के सभी अधिकारी इस योजना के कार्यान्वयन और प्रचार-प्रसार के लिये तत्पर रहेंगे।

अंत में श्री राजीव रंजन, उप निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया।